# केन्द्रीय विद्यालय संगठन
# लखनऊ संभाग
# सत्रांत परीक्षा हेतु सैंपल प्रश्न पत्र (2021-22)

**कक्षा : तीसरी** **अधिकतम अंक : 40**
**विषय : हिन्दी** **अवधि : 2 घंटे**

**सामान्य निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य है ।**

**पठन** **अंक-5**

**(क) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **(1×5 = 5)**

स्वामी विवेकानंद का संदेश था- "उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक मंज़िल प्राप्त न हो जाए।" उनका यह संदेश हर उस विद्यार्थी के लिए है, जो कहीं न कहीं अपने जीवन की परेशानियों से हार मान लेते हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने अपने इन्हीं उत्तम विचारों से सभी के दिल मे जगह बना ली थी। विदेश भ्रमण के दौरान एक दिन विवेकानंद जी ने देखा कि कुछ बच्चे नदी में तैर रहे अंडे के छिलकों पर निशाना लगा रहे थे। किसी का निशाना ठीक नहीं लग पा रहा था। विवेकानंद जी उनके पास गए और लगातार कई बार सही निशाने लगाए। तब उन्होंने बच्चों से कहा , "अपना पूरा ध्यान काम पर लगाओगे तो सफलता ज़रुर मिलेगी।"

**प्रश्न 1)** "उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक मंज़िल प्राप्त न हो जाए।" यह किस महापुरुष का कथन है?
उत्तर ____________________________________________

**प्रश्न 2)** विवेकानंद जी ने सभी के दिलों में जगह कैसे बना ली थी?
उत्तर ____________________________________________

**प्रश्न 3)** बच्चे क्या कर रहे थे?
उत्तर ____________________________________________


**प्रश्न 4)** विवेकानंद जी ने बच्चों को क्या सीख दी?
उत्तर ____________________________________________

**प्रश्न 5)** गद्यांश में आए किन्हीं दो (नाम वाले शब्द)संज्ञा शब्दों को चुनकर लिखिए।
उत्तर
(क)______________________(ख)______________________

## लेखन अंक-5
## (गद्य एवं पद्य)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( 1 x 1=1 )**
**नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में दीजिए |**

**प्रश्न 6)** नीचे दिए सभी चित्र किसी एक व्यक्ति से जुड़े हुए हैं? उनका नाम लिखिए?



उत्तर ) ____________________________________________________________________________

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( 2 x 2=4)**
**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो वाक्यों में दीजिए |**

**प्रश्न 7** )पाठ 'मीरा बहन और बाघ' में गाँव वालों ने बाघ को पिंजड़े में बंद करने की योजना बनाई थी। किसी आज़ाद पशु या पक्षी को पिंजड़े में बंद करके रखना सही है या गलत? क्यों?
उत्तर ) ____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

**प्रश्न 8)** पाठ 'सबसे अच्छा पेड़' में विभिन्न प्रकार के पेड़ों की विशेषताएं बताई गई है। यदि तुम्हें पेड़ लगाना हो तो तुम कौन-सा पेड़ लगाओगे और तुम वही पेड़ क्यों लगाना चाहोगे? उस पेड़ की कोई एक विशेषता लिखो।
उत्तर ) ____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

## व्याकरण अंक-10

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( 1 x 10=10 )**

**प्रश्न 9)** नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखो व इसे पहचानकर मुहावरा या कहावत लिखो।



उत्तर )______________________________________________________________________________

**प्रश्न 10)** नीचे लिखे वाक्य को उचित सर्वनाम शब्द से पूरा कीजिये।
अभी __________ (मुझे/उसने) बाज़ार जाना है।

**प्रश्न 11)** अलग-अलग चिन्हों(।, !, ?) से पता चलता है कि बात कैसे कही गई होगी। अब नीचे लिखे वाक्य में सही चिन्ह लगाओ।

तुमने साँप कहाँ देखा है

**प्रश्न 12)** किसी शब्द की मात्रा को बदलने से अर्थ भी बदल जाता है। (उदाहरण : पीला - पिला)
ऐसे शब्दों के दो जोड़े बनाओ।
उत्तर (क)_______________________________________(ख)_______________________________________
**प्रश्न 13)**निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदल कर लिखिये।
क) बाघ - ……………………… ख) मौसा- ……………….

**प्रश्न 14)** दिए गए वाक्य में से बहुवचन शब्द को रेखांकित कीजिये और उसका एकवचन शब्द लिखिए।
तालाब में बहुत सारी मछलियाँ हैं।
उत्तर )______________________________________________________________________________

**प्रश्न 15)** 'लम्बी पत्ती', 'नुकीली पत्ती' इन सभी शब्दों में पत्ती से पहले ' लम्बी' व ' नुकीली' शब्दों का प्रयोग हुआ है। दिए गए उदाहरणों में ' लम्बी' व ' नुकीली' शब्द क्या है?(विशेषण/संज्ञा)

उत्तर )______________________________________________________________________________

**प्रश्न 16)** नीचे दिए गए वाक्य में नाम वाले शब्द(संज्ञा) छाँटिए।
निखिल और निशा भाई - बहन है।
उत्तर ) (क)_______________________________________(ख)___________________________

**प्रश्न 17)** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द - जो बगीचे में काम करता हो उसे क्या कहेंगें?
उत्तर )______________________________________________________________________________

**प्रश्न 18)** चित्र देखकर सही काम वाला शब्द चुनिए(क्रिया) और एक वाक्य बनाइये।

| **पढ़ना , लिखना , सोना , खेलना** |
|---|





उत्तर )________________________________________________________________________________

## <u>सृजनात्मक लेखन</u>                    अंक-5

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न **(5×1 =5)**


**प्रश्न 19**) नीचे दिए गए चित्र- कार्ड्स को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्रों में दर्शायी हर गतिविधि पर एक - एक पंक्ति लिखकर इस कहानी को पूरा कीजिये।









उत्तर
क)____________________________________________________________________________________________
ख)_____________________________________________________________________________________________
ग)_____________________________________________________________________________________________
घ)_____________________________________________________________________________________________
ड.)____________________________________________________________________________________________

## वर्तनी                                   अंक-5

**<u>अति लघु उत्तरीय प्रश्न</u> (1×5=5)**

**प्रश्न 20)** वर्णों को सही क्रम में लिखकर उचित शब्द बनाइए - (त , श , ला)
उतर ________________________________________________________________________________

**प्रश्न 21)** दिए गए शब्द को पूरा कीजिये।
का ___ ली वा ___

**प्रश्न 22)** "हवाई जहाज़ आसमान उड़ रहा है।"
उपरोक्त वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा शुद्‌ध रूप में लिखिए।

उतर ________________________________________________________________________________

**प्रश्न 23)** "पेड़ पर लगे फल दूर से देखने में स्वदिष्ट लग रहें थे।"
इस वाक्य में कौन-सा शब्द अशुद्‌ध रूप में लिखा गया है।
उतर ________________________________________________________________________________

**प्रश्न 24)** दिए गए विकल्पों में से शुद्‌ध वर्तनी वाले शब्दों के जोड़े को चुने व सही का निशान लगाएं।
क) आलमारी , बारिस
ख) बिलकुल , बातचित
ग) नारियल , आँगन
घ) सडक , आगन

## सुलेख अंक-5

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न **(5×1 =5)**

**प्रश्न 25)** **नीचे लिखी पँक्तियों को सुंदरता व शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिखिए।**
मैं पुस्तक हूँ। मैं तुम्हारी अपनी पुस्तक हूँ। अगर तुम मुझे प्यार करोगे तो बड़े बन जाओगे। मैं ज्ञान का भंडार हूँ। आदमी को आदमी मैंने बनाया हैं। आदमी पढ़ सकता है , पशु नहीं पढ़ सकते।मुझे ध्यान से पढ़ने वाला ज्ञानी बन जाता हैं। मुझे प्रेम से पढ़ने वाला महान बन जाता हैं। इसलिए मैं कहती हूँ कि मुझे ध्यान से पढ़ा करो। मैं यह नही कहती कि तुम खेला न करो।खेलना भी आवश्यक हैं पर पढ़ना उससे भी अधिक आवश्यक है।



______________________________________________________________________________
______________________________________________________________________________
______________________________________________________________________________
______________________________________________________________________________
______________________________________________________________________________
______________________________________________________________________________

## शब्दकोष अंक-5

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** **(1×5=5)**
**प्रश्न 26)** नीचे लिखे वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द बताकर वाक्य की पूर्ति कीजिए।
साहिल मुझे **शत्रु** मानता है मगर मैं उसे ______ मानता हूँ।

**प्रश्न 27)** " मुँह सारा **जल** उठा और आँखों में **जल** भर आया।"
उपरोक्त वाक्य में **जल** शब्द का दो बार प्रयोग किया गया है और इसके दो अलग-अलग अर्थ भी है। दोनों अर्थ लिखिए।
उतर (क)________________________________________(ख)___________________________________________

**प्रश्न 28)** नीचे दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का मतलब बताइए–
सेठ को ईर्ष्या होने लगी। ...............

**प्रश्न 29)** 'थल' शब्द के सही दो तुकांत शब्द लिखिए।
उतर ___________________________________________________________________________________

**प्रश्न 30)** रंगाई शब्द रंग से बना है । इसी तरह और शब्द बनाओ।

क) साफ़ - ____________

ख) बुन - ____________

## उत्तर कुंजी

### पठन

**उत्तर 1)** स्वामी विवेकानन्द जी

**उत्तर 2)** अपने उत्तम विचारों से

**उत्तर 3)** बच्चे नदी में तैर रहे अंडे के छिलकों पर निशाना लगा रहे थे।

**उत्तर 4)** अपना पूरा ध्यान काम पर लगाओगे तो सफलता ज़रुर मिलेगी।

**उत्तर 5)** विवेकानंद जी और बच्चे

## गदय एवं पदय

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

**उत्तर 6)**ये सभी चीज़ें महात्मा गाँधी से जुड़ी हुई हैं।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

**उत्तर 7)**किसी आज़ाद पशु-पक्षी को पिंजड़े में बंद करना ठीक नहीं है। आज़ादी सभी को अच्छी लगती है। सभी चाहते हैं कि वह आज़ादीपूर्वक चलें, घूमें और खाएँ। इसमें हस्तक्षेप करने का किसी को अधिकार नहीं है।

**उत्तर 8)** मैं आम का पेड़ लगाऊँगा।
विशेषताएं- 1) इसके फल बहुत रसीले होते हैं।
2) इसके पत्तों, छाल तथा लकड़ी का विभिन्न रूपों में प्रयोग किया जा सकता है।

## व्याकरण

**उत्तर 9)** एक और एक ग्यारह

**उत्तर 10)** मुझे

**उत्तर 11)** क्या तुमने कभी साँप देखा है?

**उत्तर 12)** दिन – दीन, मेला – मैला

**उत्तर 13)** बाघिन , मौसी

**उत्तर 14)** तालाब में बहुत सारी **मछलियाँ** हैं। एकवचन शब्द हैं - **मछ्ली**

**उत्तर 15)**' लम्बी' व ' नुकीली' विशेषण शब्द है।

**उत्तर 16)** निखिल , निशा

**उत्तर 17)** जो बगीचे में काम करता हो उसको **माली** कहते हैं।

**उत्तर 18)** खेलना
वाक्य :- बच्चे खेल रहें है।

## सृजनात्मक लेखन

**उत्तर 19) संभावित उत्तर**

क)प्रथम चित्र में दर्शाया गया है कि एक बच्चा मिट्टी में बीजों को बोने के बाद हल्के हाथ से मिट्टी को दबा रहा हैं।
ख)द्वितीय चित्र में दर्शाया गया है कि पौधा उगने तक मिट्टी को नम रखने के लिए बच्चा उसमें पानी डाल रहा है।

ग)तृतीय चित्र में दर्शाया गया है कि धीरे-धीरे कुछ वर्षों के बाद वह नन्हा बीज एक विशालकाय पेड़ बन गया और उस पर रसीले फल भी आ गए हैं।
घ)चौथें चित्र में दर्शाया गया है कि वह बच्चा अब बड़ा हो गया है और पेड़ से फलों को तोड़ने में बच्चों की मदद कर रहा हैं।
ड•)इस अंतिम चित्र में सभी लोग रसीले फलों का आनंद ले रहे है।
**(अपनी - अपनी रचनात्मकता के आधार पर छात्र कहानी का निर्माण करेंगे)**

## वर्तनी

**उत्तर 20)** तलाश

**उत्तर 21)**काबुलीवाला

**उत्तर 22)**हवाई जहाज़ आसमान **में** उड़ रहा है।

**उत्तर 23)**पेड़ पर लगे फल दूर से देखने में **स्वदिष्ट** लग रहें थे।

**उत्तर 24**)ग)नारियल , आँगन

## सुलेख

**उत्तर 25)** बच्चें दी गयी पँक्तियों को सुंदरता व शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिखेंगे।

## शब्दकोष

**उत्तर 26)**साहिल मुझे **शत्रु** मानता है मगर मैं उसे **मित्र** मानता हूँ।

**उत्तर 27)** " मुँह सारा **जल** उठा और आँखों में **जल** भर आया।"
**जल** - जलना , तीखा
**जल** - पानी

**उत्तर 28)** जलन, चिढ़न

**उत्तर 29)** तल , बल ,फल ,पल आदि।

**उत्तर 30)** क) सफ़ाई ख) बुनाई

# ब्लू प्रिंट अथवा प्रश्न पत्र रूपरेखा

| दक्षताएँ | प्रश्न | विवरण | प्रश्नों के प्रकार | कुल अंक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| पठन | 5 | अपठित गद्यांश-5 प्रश्न | 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 x 5 | 5 |
| लेखन | 3 | गद्य / पद्य | 1 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 x 1 | 5 |
| | | | 2 लघु उत्तरीय प्रश्न | 2 x 2 | |
| व्याकरण | 10 | व्याकरण पर आधारित प्रश्न | 10 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 x 10 | 10 |
| सृजनात्मक लेखन | 1 | सृजनात्मक सोच पर आधारित प्रश्न | 1 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न | 5 x 1 | 5 |
| वर्तनी | 5 | वर्तनी पर आधारित प्रश्न | 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 × 5 | 5 |
| सुलेख | 1 | लेखन हेतु 5 - 6 पंक्तियाँ | 1 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न | 5 x 1 | 5 |
| शब्दकोश | 5 | शब्द भण्डार पर आधारित प्रश्न | 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 x 5 | 5 |
| कुल योग | | | 30 | 40 | |